हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 मॉडल रेट एमएसपी से एक हजार रुपए ज्यादा, 7200...



09 श्रीराम राज्याभिषेक के साथ हुआ श्री राम नाट्य समिति की...



खबर संक्षेप

मानक अग्रवाल कल इटारसी आएंगे

नर्मदापुरम। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समन्वयक मानक अग्रवाल का 25 अक्टूबर को इटारसी नगर आगमन होगा। अपने इटारसी प्रवास के दौरान श्री अग्रवाल शहर के वरिष्ठ पत्रकार अनिल मिहानी के सुपुत्र के विवाह समारोह में सम्मिलित होकर वर-वधू को शुभकामनाएं देंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मानक अग्रवाल इटारसी शहर में आयोजित अन्य कार्यक्रमों में भी सहभागिता करेंगे।



खरीफ की समीक्षा व रबी की तैयारी की बैठक आज

नर्मदापुरम। मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देश पर खरीफ 2026 की समीक्षा और रबी 2026-27 की तैयारी को लेकर नर्मदापुरम संभाग की संभागीय समीक्षा बैठक 24 अक्टूबर 2026 को आयोजित होगी। बैठक कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में सभा कक्ष, न्यू मार्केट भोपाल में होगी।

मटकुली में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत जनसंवाद शिविर आयोजित

तीन आवेदनों का मौके पर निराकरण 102 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम/पिपरिया

नर्मदापुरम जिले के पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी इलाके मटकुली में शुक्रवार को दसवां मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर लगा।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत शुक्रवार को विकासखंड पिपरिया के ग्राम पंचायत मटकुली में जनसंवाद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नागरिक शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं अभियानों की जानकारी दी। साथ ही नागरिकों ने अपनी समस्याएं संबंधित विभागों के अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनमें से कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

शिविर में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष पिपरिया संध्या सिंघारे, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



कलेक्टर ने किया संवाद, ली जानकारी

कलेक्टरने शिविर में नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा शासन की योजनाओं एवं उनके माध्यम से मिलने वाले लाभों के संबंध में जानकारी दी। जनप्रतिनिधियों ने भी नागरिकों को शिविर के उद्देश्य एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को नो मीटिंग डे बताते हुए कहा कि अब प्रशासन हर शुक्रवार को फील्ड पर पहुंच रहे हैं।

शिविर में नागरिकों को मिली तत्काल सुविधाएं

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को मौके पर ही आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। 28 लोगों के आधार कार्ड का अपडेशन, 18 लोगों की समग्र ई-केवाईसी, 16 आभा कार्ड बनाए गए। 102 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आयुष विभाग द्वारा 115 नागरिकों को दवाइयों का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 145 नागरिकों को पोषण संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। कृषि विभाग द्वारा 25 फार्मर आईडी जेनरेट की गईं। शिविर में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 3 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 3 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। मुख्यमंत्री जनविश्वास जनसंवाद शिविर के अंतर्गत शिविर के दौरान राशन पात्रता पर्ची 36 परिवारों को प्रदाय की गयी ।

बेहतर नरवाई प्रबंधन के लिए कृषक सम्मानित

कृषि मशीनीकरण पर उप-मिशन (**SMAM - Sub-Mission on Agricultural Mechanization**) भारत सरकार द्वारा चलाई जाने वाली एक प्रमुख योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि यंत्र और मशीनें आसानी से और कम लागत पर उपलब्ध कराना है। शिविर के दौरान बेहतर नरवाई प्रबंधन तथा आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग कर नरवाई के व्यवस्थित प्रबंधन करने के लिए 05 किसानों को प्रमाण पत्र भी वितरित कर सम्मानित किया गया।

निगरानी में पकड़ी नरवाई में आग, किसान पर हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर ड्रोन से सतत निगरानी की जा रही है। राज्य स्तरीय टीम भी प्रदेश भर में ड्रोन से मॉनिटरिंग कर रही है।

इसी क्रम में 22 अक्टूबर 2026 को तहसीलदार इटारसी श्री राम किशोर झरवडे के नेतृत्व में राजस्व और कृषि विभाग के संयुक्त दल ने ग्राम रेसलपुर, घाटली, सनखेड़ा, तारारोड़ा, बोरतलाई, घुघवासा, बैगनिया और आसपास के गांवों में ड्रोन निगरानी की।

निगरानी के दौरान ग्राम घाटली स्थित खसरा नंबर 228/3, 229/6, 231/6 रकबा 1.199 हेक्टेयर पर धान के अवशेष में आग लगाना पाया गया। जांच में काश्तकार विनय चौधरी पिता गुलाबदास चौधरी द्वारा शासन के नरवाई प्रबंधन निर्देशों का उल्लंघन करना पाया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम एवं दंडाधिकारी इटारसी नीलेश शर्मा ने संबंधित किसान के विरुद्ध एफआईआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इटारसी सहित पूरे जिले में ड्रोन निगरानी और दंडात्मक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। कलेक्टर ने कहा कि आधुनिक कृषि उपकरणों का अधिकतम उपयोग कर नर्मदापुरम को नरवाई जलाने से मुक्त जिला बनाना है और प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षा विभाग की बैठक में कलेक्टर ने की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट एवं अपार आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इन कार्यों की लंबित संख्या कम करने के लिए निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार अभियान मोड में कार्य किया जाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 1 नवंबर से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इसके लिए विकासखंडवार बच्चों का डाटा तैयार कर बायोमेट्रिक अपडेट की सर्वाधिक आवश्यकता वाले क्षेत्रों में मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि अधिक से अधिक बच्चों का बायोमेट्रिक सत्यापन कर लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जा सके। उन्होंने अपार आईडी एवं आभा आईडी बनाने के कार्य में भी गति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बीआरसी इस कार्य में विशेष रुचि लेकर प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

रोजगार मेले के आयोजन हेतु सौंपे गए दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नर्मदापुरम आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 28 अक्टूबर 2026 को शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया जिला नर्मदापुरम में किया जाएगा। तत्संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम श्री हिमांशु जैन द्वारा रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंप उनकी ड्यूटी लगाई गई है।

जारी आदेशानुसार सीईओ शजैन द्वारा रोजगार मेला का संपूर्ण प्रभार का दायित्व अनुविभागीय अधिकारी पिपरिया जिला नर्मदापुरम श्री आकिप खान को सौंपा है। साथ ही रोजगार मेला के आयोजन संबंधी अन्य कार्यो एवं व्यवस्थाओं के लिए भी अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है।

वसूली में इलेक्ट्रॉनिक पीओएस मशीन को लेकर बना था प्रस्ताव

तीन से चार महीने पहले पारित हुआ था प्रस्ताव , लेकिन अमल नहीं !

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर पालिका में इलेक्ट्रॉनिक पीओएस मशीन के माध्यम से वसूली कार्य को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में नगर पालिका अधिकारी, अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के संबंधित नियमित कर्मचारी उपस्थित रहे। तीन चार महीने पहले बैठक में वसूली कार्य में इलेक्ट्रॉनिक पीओएस मशीन के उपयोग और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की भूमिका को लेकर चर्चा की गई थी।



बैठक में प्रस्ताव रखा गया था कि वसूली कार्य के दौरान दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों से इलेक्ट्रॉनिक मशीन का उपयोग नहीं कराया जाएगा। यदि इसके बावजूद किसी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी से उक्त मशीन का उपयोग कराया जाता है, तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पालिका के सीएमओ की होगी, न कि किसी अन्य अधिकारी की। नगर पालिका में अब तक जो भी चालानी कार्यवाही हुई है, उसमें दैनिक वेतन भोगी पीओएस मशीन पर काम कर रहे थे । इसके पहले अतिक्रमण प्रभारी रहे और वर्तमान इस मशीन पर कार्य कर रहे हैं, जबकि यह मशीन नियमित कर्मचारियों को सौंपना चाहिए । जिससे किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी की आशंका ना हो। बैठक में प्रस्ताव बना था कि केवल नियमित कर्मचारियों को ही पीओएस मशीन पर चालान काटने की जिम्मेदारी दी जाएगी। लेकिन इसका पालन नहीं हुआ और फिर से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी इसको संचालित कर रहे हैं।

कलेक्टर ने शुक्करवाड़ा उपनहर का किया निरीक्षण, सफाई पूरी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने माखननगर पहुंचकर शुक्करवाड़ा उपनहर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नहरों की स्थिति एवं सिंचाई के लिए सुचारू जल प्रवाह के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नहरों के माध्यम से सिंचाई के लिए टेल क्षेत्र तक पानी पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। नहरों में जमा गाद को हटाकर उनकी सफाई कराई जाए, ताकि जल प्रवाह सुचारू बना रहे और किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके।



इस दौरान उन्होंने कहा कि रबी सिंचाई के लिए नहरों का संचालन प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं। नहरों की साफ-सफाई समय पर सुनिश्चित की जाए तथा विशेष रूप से टेल क्षेत्र की नहरों में जमा गाद एवं अन्य अवरोधों को हटाया जाए, जिससे अंतिम छोर तक पानी पहुंचने में किसी प्रकार की बाधा न आए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्ण एस. थोटा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हिमांशु जैन, जल संसाधन विभाग के अधीक्षण यंत्री सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नाबालिक बच्ची की फांसी लगने से हुई मौत, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में 11 साल की बच्ची की मौत का मामला सामने आया है। गुरुवार शाम करीब 4 बजे उसके दोनों भाई स्कूल से घर लौटे तो दरवाजा अंदर से बंद था। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो बच्ची का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पचमढ़ी थाना प्रभारी गोपाल घोसले के मुताबिक, बच्ची के माता-पिता मजदूरी करते हैं। गुरुवार को उसके दोनों भाई स्कूल गए थे, लेकिन बच्ची स्कूल नहीं गई। इस पर मां ने उसे डांटा और फिर काम पर चली गई। घर पर बच्ची अकेली थी।

शाम को भाई लौटे तो दरवाजा नहीं खुला। उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया। दरवाजा तोड़कर अंदर जाने पर बच्ची का शव मिला।

सूचना मिलने पर पचमढ़ी थाना प्रभारी गोपाल घोसले पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर पंचनामा बनाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम किया गया है। मां के डांटने की बात सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है। फिलहाल बच्ची की मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है।

लोक सेवा केंद्रों का जिला प्रबंधक ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सुशासन के तहत आवेदकों को सुलभ, सरल और पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ के निर्देश पर जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन श्री आनंद झेरवार ने 23 अक्टूबर 2026 को लोक सेवा केंद्र माखन नगर और सोहागपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ आवेदनों में ऑनलाइन प्रिंट साफ नहीं मिला, जिस पर ऑपरेटरों को साफ प्रिंट निकालने और सभी ऑनलाइन आवेदनों पर आवेदकों के हस्ताक्षर अनिवार्य रूप से लेने के निर्देश दिए। शत-प्रतिशत ऑनलाइन प्रविष्टि, केंद्र और शौचालय में अधिक साफ-सफाई,



ऑपरेटरों को यूनिफॉर्म में समय पर उपस्थिति, उपस्थिति रजिस्टर पूरा करने, प्रत्येक आवेदन की पावती आवेदक को देने, भरे गए आवेदनों को अगले दिन तक संबंधित कार्यालयों में भेजने और सीसीटीवी रिकॉर्डिंग संधारण के निर्देश दिए गए। सोहागपुर केंद्र में सेवावार रजिस्टरों और आवेदनों की जांच की गई। हार्डकॉपी अगले दिन तक भेजने और पावती प्रिंट साफ निकालने के निर्देश दिए। दोनों केंद्रों पर सभी सेवाओं की सूची और आवेदन शुल्क प्रदर्शित करने, विनम्र व्यवहार रखने, स्टाफ, पेयजल, बैठक व्यवस्था, इंटरनेट, आदि व्यवस्था के निर्देश दिये।

लुप्त होती पुरानी परंपराओं को निभा रहे नन्हे बच्चे

दशहरे से गूंजने लगे टेसू और घरवा के गीत, मेरा टेसू यहीं खड़ा, खाने को मांगे दही बड़ा, सिंगाजी घरवा गाजो जी, माय थारे घर मुरली बाजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नर्मदापुरम / सिवनी मालवा में दशहरा पर्व से छोटे-छोटे बच्चों द्वारा टेसू और छोटी-छोटी बालिकाओं द्वारा घरवा लेकर घर-घर जाकर दान मांगने की परंपरा शुरू हो गई है। यह टेसू और घरवा का उत्सव दशहरे से शरद पूर्णिमा तक चलता रहता है। छोटे बच्चे पुस्टे से छोटा तिकोना घर बनाकर उसे पन्नियों से सजाते हैं। उसके अंदर एक दिया और आटे का डरावना पुतला रखते हैं। घर-घर जाकर टेसू के गीत –

"मेरा टेसू यहीं खड़ा, खाने को मांगे दही बड़ा" जैसे गीत गाकर छल्ला-बोली का दान मांगते हैं। वहीं बालिकाएं घरवा जो एक मिट्टी के छोटे घड़े में चारों तरफ छेद करके



उसके अंदर दीपक रखकर बनाया जाता है, उसे लेकर गीत –

"सिंगाजी घरवा गाजो जी, माय थारे घर मुरली बाजे"जैसे आशीर्वाद के गीत गाकर दान मांगती हैं। यहां यह उत्सव टेसू और घरवा के रूप में मनाया जाता है। शरद पूर्णिमा के दिन टेसू को लकड़ियों से पीट-पीटकर नष्ट कर दिया जाता है। दान में मिली राशि से टेसू बनाने वाले बच्चे दाल-बाटी, चूरमा बनाकर उसका आनंद लेते हैं। वहीं बालिकाएं भी घरवा के मिट्टी के कलश को नदी में प्रवाहित कर देती हैं और दान राशि से भोजन बनवाकर आनंद उठाती हैं।

सभी ने अपने बचपन में इस उत्सव को मित्रों के साथ मनाया है। विजयादशमी के दिन एक लकड़ी का पुतला बनाते थे, उसका चेहरा थोड़ा डरावना रखते थे। उसे पुराने कपड़े पहनाकर, उसके मुंह में बीड़ी फंसाकर, सिर पर जलता हुआ दीपक रख देते थे। विजयादशमी से शरद पूर्णिमा तक शाम के समय मोहल्ले में घर-घर जाकर, उसे सामने खड़ा करके गीत गाते थे और हर घर से गेहूं, चावल, अरहर की दाल, शुद्ध घी या कुछ नगद पैसे, जो भी मिले, ले आते थे। शरद पूर्णिमा की शाम अंतिम दिन सभी घर जाकर उस पुतले यानि टेसू को लाठियों से पीटकर तोड़ देते थे तथा आग लगाकर जला देते थे।

लुप्त होती जा रही प्रथा

अलग-अलग जगह टेसू की अलग-अलग कहानियां और परंपराएं हैं। ब्रज में एक वक्त था जब दशहरे पर रावण दहन से ज्यादा टेसू और सांझी को घर लाकर उनका विवाह कराने की बच्चों में होड़ रहती थी। बच्चे हाथों में टेसू लेकर घर-घर जाकर गीत गाते थे। इसके बाद हर घर उन्हें अनाज या धन देकर विदा करता था, जिसे बच्चे टेसू और सांझी के विवाह में लगाते थे। आखिरी में पूर्णिमा के दिन धूमधाम से उनका विसर्जन किया जाता था।

आमतौर पर टेसू का स्टैंड बांस का बनाया जाता है। इसमें मिट्टी की तीन पुतलियां फिट की जाती हैं, जो क्रमशः टेसू राजा, दासी और चौकीदार की होती हैं। बीच में मोमबत्ती या दिया रखने की जगह बनाई जाती है।

अब नियमित ट्रेन के रूप में चलेगी स्पेशल ट्रेन

नर्मदापुरम। रेल यात्रियों के लिए राहत की खबर है। जबलपुर से कोयंबटूर के बीच चलने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन अब नियमित एक्सप्रेस के रूप में चलेगी। पश्चिम मध्य रेलवे ने ट्रेन को नए नंबर के साथ चलाने का फैसला किया है। इससे इटारसी और हरदा समेत कई स्टेशनों के यात्रियों को दक्षिण भारत के शहरों तक सीधा रेल संपर्क मिलेगा।रेलवे के मुताबिक, ट्रेन अब पुराने नंबर 02198/02197 की जगह 20160/20159 नंबर से चलेगी। जबलपुर से गाड़ी संख्या 20160 प्रत्येक शुक्रवार को रवाना होगी। वापसी में गाड़ी संख्या 20159 कोयंबटूर से प्रत्येक सोमवार को चलेगी। यह सेवा 26 अक्टूबर से शुरू होगी। यह ट्रेन इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, नासिक रोड और पनवेल होते हुए कोंकण और दक्षिण भारत के कई प्रमुख स्टेशनों से गुजरेगी। ट्रेन में कुल 24 कोच होंगे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने ली संगठनात्मक समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शुक्रवार को मप्र कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में नर्मदापुरम की महत्वपूर्ण संगठनात्मक समीक्षा बैठक ली। बैठक में नर्मदापुरम जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र के प्रभारियों ने सहभागिता करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की तथा संगठन को अधिक मजबूत और सक्रिय बनाने के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

बैठक में जिला कांग्रेस प्रभारी संजय शर्मा एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा विधानसभा स्तर पर कांग्रेस की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के संबंध में अपने महत्वपूर्ण सुझाव रखे। दोनों नेताओं ने संगठनात्मक कार्यों को गति देने और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

खबर संक्षेप

श्री वैश्य गरिमा मंच की प्रदेश उपाध्यक्ष बनीं नेहा गर्ग



बैतूल। श्री वैश्य गरिमा मंच ने सक्रिय समाजसेवी श्रीमती नेहा गर्ग को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी से नवाजा है। श्रीमती गर्ग की समाज के प्रति लगनशीलता, कार्यनिष्ठा और समर्पण भाव को देखते हुए और मध्य प्रदेश में वैश्य समाज को मजबूत करने के लिए मध्यप्रदेश प्रभारी अशोक गर्ग ने मंच की महिला प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शोभा गुप्ता भोपाल से चर्चा कर यह जिम्मेदारी सौंपी है। इसी के साथ श्री वैश्य गरिमा मंच ने आशा जताई है कि श्रीमती नेहा गर्ग समाज के हितों को ध्यान मे रखते हुए श्री वैश्य गरिमा मंच को संगठित कर मजबूती प्रदान करने में पूर्ण निष्ठा और सेवा के साथ संगठन का कार्य करती रहेंगी। साथ ही संस्था के संविधान का पूर्ण रूप से परिपालन करेंगी श्रीमती गर्ग को श्री वैश्य गरिमा मंच परिवार की और से बधाई भी प्रेषित की है।

जंगल से सड़क पर आया तेंदुआ

बैतूल। बीती रात खंडवा-नांदा रोड पर एक तेंदुआ सडक़ पर बेखौफ घूमता नजर आया। करीब 3 से 4 मिनट तक तेंदुआ सडक़ पर आराम से चहलकदमी करता रहा और फिर धीरे-धीरे जंगल की ओर चला गया। इस रोमांचक नजारे का वीडियो कैमरे में कैद हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। समाजसेवी अभिषेक जोशी ने बताया कि बीती रात वह अपने परिवार के साथ कार से खंडवा में आयोजित एक विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में दूर से सडक़ पर एक तेंदुआ घूमता दिखाई दिया। जैसे-जैसे कार आगे बढ़ी, तेंदुआ स्पष्ट नजर आने लगा। उन्होंने कार रोक दी और उसे रास्ता पार करने के लिए पर्याप्त जगह दी। इसके बाद तेंदुआ बिना किसी घबराहट के करीब 3 से 4 मिनट तक सडक़ पर चलता रहा। वन अधिकारियों के मुताबिक, बैतूल जिले के वन क्षेत्रों में तेंदुओं का विचरण कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी वन वृत्त के विभिन्न क्षेत्रों में तेंदुए देखे जा चुके हैं। जिले के जंगलों में इनकी अच्छी-खासी संख्या होने की बात भी कही जाती है। सतपुड़ा और मेलघाट के वन क्षेत्रों के बीच वन्यजीवों की आवाजाही के संदर्भ में यह दृश्य वन्यजीव प्रेमियों के लिए आकर्षण का विषय है। हालांकि, सडक़ पर वन्यजीवों की मौजूदगी के दौरान वाहन चालकों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है।

नेपाल जा रहे एनालिस्ट की ट्रेन में मौत

बैतूल। बैतूल में पटना एक्सप्रेस में सफर कर रहे नागपुर के 28 वर्षीय एनालिस्ट ऋषभ लोहार की मौत हो गई। वह नागपुर से इटारसी जा रहा था, जहां से उसे ट्रेन बदलनी थी। बैतूल स्टेशन के आसपास तबीयत बिगडऩे पर यात्रियों की सूचना से रेलवे स्टाफ और जीआरपी ने उसे ट्रेन से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ऋषभ लोहार, पिता संजय लोहार, निवासी नागपुर (महाराष्ट्र) के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक, ऋषभ एक निजी कंपनी में एनालिस्ट के तौर पर काम करता था। वह काम के सिलसिले में यात्रा पर निकला था और आगे नेपाल जाने की भी योजना थी। जानकारी के अनुसार, ऋषभ एसी कोच में सफर कर रहा था। यात्रा के दौरान उसे घबराहट, बेचैनी और सांस लेने में परेशानी होने की बात सामने आई। इसके बाद वह सो गया। बैतूल स्टेशन के पास सोते समय उसे झटके आने लगे, जिससे सहयात्री चिंतित हो गए। सहयात्रियों ने ऋषभ के साथी को जानकारी दी और ट्रेन के गार्ड को भी सूचना दी। इसके बाद जीआरपी को बुलाया गया और युवक को ट्रेन से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। युवक की मौत किस वजह से हुई, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मामले में आवश्यक जांच कर रही है।

भावांतर से किसानों का मोहभंग, सिर्फ 494 ने कराया पंजीयन, आज अंतिम तारीख

मॉडल रेट एमएसपी से एक हजार रुपए ज्यादा, 7200 अधिकतम दाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

सोयाबीन को समर्थन मूल्य की जगह भावांतर योजना में बेचने को लेकर किसानों का मोह भंग होता दिख रहा है। अब तक सिर्फ 494 किसानों ने ही पंजीयन कराया है। पिछले साल यह आंकड़ा 8233 था। बता दे कि 3 अक्टूबर से भावांतर योजना में पंजीयन शुरू हुए हैं, लेकिन इसको लेकर किसानों में कोई रूचि नहीं है। 22 अक्टूबर तक सिर्फ 494 किसानों ने योजना में पंजीयन कराया है। इसका बड़ा कारण नीलामी में सोयाबीन के दाम मजबूत होना है। मंडी में नीलामी का मॉडल रेट 7200 रुपए तक है। सरकार ने भावांतर योजना में मॉडल रेट अब तक तय नहीं किए हैं। मंडी में सोयाबीन के दाम 6400 से 7200 रुपए तक हैं। त्योहार के सीजन में नकदी के लिए किसान खुली नीलामी में ही उपज बेचना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। भावांतर योजना में नहीं के बराबर पंजीयन होने के चलते शासन ने पंजीयन की तारीख 17 से बढ़ाकर 24 अक्टूबर कर दी गई है। लेकिन पंजीयन में अपेक्षाकृत वृद्धि नहीं देखी जा रही। भावांतर योजना के तहत मिलने वाला अतिरिक्त लाभ कम रहने की संभावना के चलते किसानों ने पंजीयन में कम रुचि नहीं दिखाई। कृषि उपज मंडी के व्यापारी के मुताबिक, पिछले 20 दिनों में सोयाबीन के दाम करीब 1500 रुपए प्रति क्विंटल तक बढ़े हैं।

पिछले साल खरीदी के बाद अंतर की राशि में उलझे थे किसान

पिछले साल खरीफ सीजन की सोयाबीन को भावांतर योजना में बेचने के लिए 8233 किसानों ने पंजीयन कराया था। जबकि 3990 किसानों ने उपज बेची थी। लेकिन इसके बाद किसान अंतर की राशि में उलझ गए। योजना में मॉडल रेट और खरीदी रेट के अंतर की राशि किसानों को जारी होना थी, लेकिन यह राशि जारी होने में ज्यादा समय लग गया। कई किसानों की जानकारी गलत अपडेट होने से राशि मिलने में देरी हुई। जिसके कारण भी किसान भावांतर से दूरी बनाए हुए है। किसानों का कहना है कि खुले बाजार में उपज बेचने से उन्हें तत्काल राशि मिल जाती है। इसके अलावा भावांतर योजना के तहत शासन ने जो समर्थन मूल्य तय किया है, वह बाजार मूल्य से कम है। ऐसे में भावांतर में उपज बेचने से किसानों को नुकसान होगा।

सरकारी समर्थन मूल्य 5708 रुपए तय

शासन ने भावांतर योजना के तहत सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5708 रूपये तय किया है, जबकि कि खुले बाजार में सोयाबीन के भाव करीब 7 हजार रूपये से अधिक है। ऐसे में किसान खुले बाजार में उपज बेचने में फायदा मान रहे है, क्योंकि खुले बाजार में सोयाबीन बेचने पर किसानों को करीब 1250-1300 प्रति क्विंटल का फायदा हो रहा है। यहीं वजह है कि किसानों ने भावांतर योजना दूरी बना ली है। बता दे कि भावांतर योजना में किसान को बाजार में फसल बेचने पर मिलने वाली कीमत और योजना के लिए निर्धारित मॉडल रेट के आधार पर अंतर की राशि दी जाती है। इसका उद्देश्य बाजार भाव समर्थन मूल्य से नीचे रहने पर किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई करना है।

पंजीयन के लिए आज अंतिम दिन

शासन द्वारा भावांतर योजना के तहत सोयाबीन बेचने के लिए 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक तिथि निर्धारित की थी, लेकिन कम पंजीयन को देखते हुई तारीख बढ़ाकर 24 अक्टूबर कर दी है। अब पंजीयन के लिए सिर्फ आज का ही दिन शेष है। बताया जा रहा है कि जिले में 57 समितियों के माध्यम से कुल 494 किसानों ने पंजीयन कराया है। इन किसानों का कुल रकबा 1225.30 हेक्टेयर है। पिछले साल की तुलना में पंजीयन काफी कम रहा। पिछले साल 8233 किसानों ने पंजीयन कराया था। लेकिन इस साल हालात यह है कि कई समितियों में एक या दो किसानों ने ही पंजीयन कराया है। किसानों के सबसे अधिक पंजीयन मैंसदेही की पूर्णा सोसाइटी में 69 किसानों ने पंजीयन कराया है।

इनका कहना है

किसानों को मंडी में ही सोयाबीन के दाम एमएसपी से अधिक मिल रहे हैं। इसी कारण से भावांतर योजना में कम किसानों ने पंजीयन कराया है। इसे देखते हुए शासन ने पंजीयन की तारीख बढ़ाकर 24 अक्टूबर की है।
- **रामगोपाल रजक**, उपसंचालक, कृषि विभाग बैतूल

बोर्ड के पीछे कथित तौर पर लिखे अपशब्द

ग्राम ताईखेड़ा में डॉ. अंबेडकर स्मारक स्थल बोर्ड से छेड़छाड़

समिति ने पुलिस में शिकायत की बात कही

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई



ग्राम ताईखेड़ा में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा के लिए प्रस्तावित स्थल पर लगाए गए बोर्ड को अज्ञात लोगों द्वारा काटकर उखाडऩे और फेंकने का मामला सामने आया है। बोर्ड के पीछे कथित तौर पर गाली-गलौज और अपशब्द लिखे मिलने से अंबेडकर अनुयायियों में नाराजगी है। घटना के बाद गांव में रोष का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत भवन के पास स्थित अंबेडकर मंच के नजदीक डॉ. अंबेडकर स्मारक निर्माण समिति द्वारा प्रतिमा के प्रस्तावित स्थल की पहचान के लिए बोर्ड लगाया गया था। आरोप है कि बीती रात अज्ञात लोगों ने बोर्ड को काटकर उखाड़ दिया और उसे फेंक दिया। शुक्रवार सुबह गांव के बुजुर्गों ने समिति के अध्यक्ष तुलसीदास नागले को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्रामीणों और समिति के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बोर्ड की स्थिति देखी। बोर्ड के पीछे कथित तौर पर अपशब्द लिखे होने की जानकारी सामने आने के बाद लोगों में नाराजगी बढ़ गई।

पुलिस कार्रवाई पर ग्रामीणों की नजर

घटना से नाराज स्मारक निर्माण समिति की ओर से पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने की बात कही गई है। ग्रामीणों की मांग है कि मामले की जांच कर बोर्ड को नुकसान पहुंचाने और कथित तौर पर अपशब्द लिखने वालों की पहचान की जाए तथा दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। फिलहाल घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

अनहद महाविद्यालय में परीक्षा की तिथि घोषित

बैतूल। कला क्षेत्र में एशिया का शीर्ष विश्वविद्यालय इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छग से सम्बद्ध श्री अनहद कला संगीत महाविद्यालय बैतूल में सत्र 2026-27 के लिए परीक्षाओं की तिथि घोषित कर दी गई है। समिति के संचालक दिलीप रावत ने बताया कि गायन, वादन, कथक, सुगम संगीत प्रथमा प्रथम से विद एवं गीतांजली जुनियर, सिनीयर का डिप्लोमा परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 4 नवम्बर है। श्री रावत ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित की जाने वाली समस्त डिप्लोमा परीक्षा नियमित एवं स्वाध्यायी एवं स्नातकोत्तर स्वाध्यायी, भूतपूर्व परीर्थियों के लिए परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट से निःशुल्क डाउनलोड किए जा सकते हैं।

स्वयं कंप्यूटर चलाकर परखी व्यवस्था

आयुक्त ने दवाओं की उपलब्धता और एक्सपायरी की ली जानकारी



बैतूल। शुक्रवार को जिला अस्पताल पहुंचे आयुक्त डॉ धनराज एस ने दवा वितरण केंद्र पर पहुंचकर वहां उपस्थित कर्मचारियों से उपलब्ध दवाओ की संख्या, अनुपलब्ध दवओ की और एक्सपायरी दवाओ के प्रबंधन की जानकारी ली, उन्होंने कर्मचारी से पूछा कि मरीज को जरूरत के मुताबिक दवाएं उपलब्ध हो पा रही हैं या नहीं, इसके बाद उन्होंने आकस्मिक ओपीडी और दन्त ओपीडी का भी निरीक्षण किया। कुछ स्थानों पर व्यवस्थाओं में सुधार की जरूरत महसूस होने पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद पर्ची काउंटर पर पहुंचकर उन्होंने मरीजों की पर्ची बनाने की प्रक्रिया के बारे में उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्वयं कंप्यूटर चलाकर भी व्यवस्था को परखा। उन्होंने कर्मचारियों को समय पर पर्ची उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त धनराजू एस ने निरीक्षण के दौरान उन्होंने एचआईएमएस पोर्टल, ओपीडी, मेडिसन कक्ष, शिशु रोग कक्ष, नेत्र रोग कक्ष, दवाई वितरण कक्ष, सुमन हेल्थ डेस्क, एसएनसीयू वार्ड का अवलोकन किया और सेवाएं दे रहे चिकित्सकों एवं संबंधित स्टॉफ से सेवा देने की कार्यप्रणाली की जानकारी ली।

किसान पहुंचे एसडीएम कार्यालय

चार सूत्रीय मांगों को लेकर किसान संघ ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ शाहपुर

चोपना क्षेत्र के किसानों एवं विभिन्न समुदायों के नागरिकों ने किसान संघ चोपना के बैनर तले अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम कार्यालय शाहपुर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। प्रशांत मंडल एवं विकास शाह की अध्यक्षता में सैकड़ों की संख्या में किसान एकत्रित हुए और क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। ज्ञापन में किसानों ने क्षेत्र को सूखाग्रस्त घोषित कर उचित राहत प्रदान करने, वर्ष 2025 की फसल बीमा राशि से वंचित किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाने, अघोषित बिजली कटौती बंद करने तथा ग्राम पूंजी से सिवनपाट तक खराब सडक़ों की मरम्मत कराने सहित किसानों ने क्षेत्र में सूखे की स्थिति को देखते हुए क्षेत्र को सूखा घोषित कर प्रभावित किसानों को उचित राहत प्रदान करने की मांग की। किसानों ने वर्ष 2025 की फसल बीमा राशि जिन किसानों को अब तक प्राप्त नहीं हुई है, उन्हें जल्द से जल्द बीमा राशि एवं मुआवजा दिलाने और क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती बंद की जाए, ताकि किसानों को खेती-किसानी के कार्यों में राहत मिल सके और आम नागरिकों को भी परेशानी का सामना न करना पड़े। ग्राम पूंजी से लेकर सिवनपाट तक खराब रास्तों की मरम्मत एवं उचित रखरखाव कराया जाए।

शिक्षकों ने सामूहिक सहयोग से जुटाई राशि

बरखेड़ के शासकीय स्कूलों को 2.70 लाख की सामग्री वितरित

स्कूलों को मिले 50 पंखे, 50 ट्यूबलाइट और 50 वॉटर कैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

शिक्षा संजीवनी अभियान के अंतर्गत जन शिक्षा केंद्र बरखेड़, विकासखंड मुलताई के अंतर्गत आने वाले शासकीय विद्यालयों को 2 लाख 70 हजार की सामग्री वितरित की गई। यह राशि क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के सामूहिक सहयोग से एकत्रित की गई। अभियान का उद्देश्य विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। जनशिक्षक सुनील कवडक़र ने बताया कि शिक्षा संजीवनी अभियान के तहत शिक्षकों के सहयोग से एकत्रित राशि से विद्यालयों के लिए 50 वॉटर कैन, 50 ट्यूबलाइट, 50 पंखे और 50 नग फर्नीचर सहित विभिन्न आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की गई है।

इसके अलावा विद्यालयों में माइक सेट, वाटर फिल्टर उपलब्ध कराने तथा शाला भवनों की मरम्मत के लिए भी राशि प्रदान की गई, ताकि स्कूलों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। सामग्री वितरण कार्यक्रम में तहसीलदार संजय कुमार बरैया, बीआरसी आशीषचंद्र शर्मा, जिला पंचायत सदस्य कंचन कास्लेकर, जनपद सदस्य हेमराज चौधरी, ग्राम पंचायत बरखेड़ के सरपंच पांडू मरकाम तथा संकुल प्राचार्य आई.के. मालवीय उपस्थित रहे। अतिथियों की मौजूदगी



में विद्यालयों के लिए निर्धारित सामग्री वितरित की गई।

शिक्षकों की पहल से मजबूत होंगी शैक्षणिक सुविधाएं

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के सामूहिक प्रयास और सहयोग भावना की सराहना की गई। शिक्षा संजीवनी अभियान के माध्यम से शिक्षकों ने विद्यालयों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई है। यह पहल शिक्षा के प्रति उनके समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को दर्शाती है। शिक्षकों के इस सहयोग से शासकीय विद्यालयों में जरूरी संसाधनों की उपलब्धता बढ़ेगी। इससे विद्यार्थियों को बेहतर और सुविधाजनक वातावरण में पढ़ाई करने का अवसर मिलेगा। अभियान की यह पहल शासकीय शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

नगर कांग्रेस ने वोट चोरी के खिलाफ निकाली बाइक रैली

तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

मैंसदेही। वोट चोरी के विरोध में नगर कांग्रेस ने शुक्रवार को बाइक रैली निकालकर प्रदर्शन किया। अंबेडकर प्रतिमा परिसर में धरना प्रदर्शन के साथ रैली की शुरुआत हुई, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची। वहां नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मोहरे ने बताया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस देशभर में कथित वोट चोरी के मुद्दे पर आंदोलन कर रही है। मतदाता सूची एवं चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और चुनावी अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से इस्तीफे की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया है। वोट चोरी के खिलाफ हमारा प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। इस अवसर पर धर्मेंद्र मालवीय, विनय शंकर पाठक, राजा आर्य, अमित



भगत, अशोक उईके, असपाक काबरा, आशुतोष झरबडे, परवेज काबरा, कादर शाह, दिनेश दवंडे, प्रशांत बागद्रे, शोएब विंध्यानी, सतीश आर्य, अनिल निनावे, प्रतीक प्रजापति, शोएब पठान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वार्ड 18 व 19 में पैदल पहुंची नपा की टीम, सफाई नहीं होने की शिकायत

सारनी। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन की मंशानुसार आम नागरिकों की सभी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु प्रत्येक शुक्रवार वार्ड स्तर पर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत शुक्रवार 23 अक्टूबर को नगर पालिका परिषद सारनी की टीम वार्ड 18 व 19 में भ्रमण के लिए पैदल निकली। वार्डों में सफाई और नलों से कम प्रेशर में पानी आने जैसी समस्याएं आई। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुसार वार्ड स्तर पर पहुंचकर समस्याओं का निराकरण किया जाना है। इसी अभियान के तहत



शुक्रवार को पूरी टीम के साथ वार्ड 18 व 19 में पैदल पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनीं। टीम में एक्स राजस्व उप निरीक्षक, हितेश शाक्य, सहायक लेखाधिकारी ब्रजेश नागर, उपयंत्री रविंद्र वराठे, कमलेश पटेल के अलावा अन्य लोग शामिल थे। इस दौरान लोगों ने वार्ड में घास कटाई नहीं होने, पानी के नलों में कम प्रेशर आने की समस्या बताई। अधिकारियों ने तत्काल समस्या निराकरण के निर्देश दिए।

लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ अभियान के कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

विपक्ष के आरोपों का देंगे मुहतोड जवाब: सूदशनि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



भाजपा जिला कार्यालय विजय भवन में लोकतंत्र बचाओं-अराजकता हटाओं अभियान को लेकर जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ पार्टी के पितृपुरूष पं.दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी एवं भारत माता के चित्रो के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी सूदर्शन गुप्ता ने कहा कि 22 अक्टुबर से केन्द्रीय नेतृत्व की मंशानुसार अभियान चलेगा। इस अभियान का उददेश्य देश की संविधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को बरकरार रखते हुए विपक्ष के आरोपो का मूहतोड जवाब देना है। राहुल गांधी और विपक्ष जनादेश का अपमान करते हुए देश को विदेश में बदनाम कर रहे है। जहां जिन राज्यों में कांग्रेस चुनाव जीतती है तो वहा चुनाव सही होते है और जहां चुनाव हारती है वहां दोहरा मापदंड अपनाते हुए संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाने का काम करती है। इस दोहरे मापदंड को जनता के सामने लाने की हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है। श्री गुप्ता ने कहा कि जंतर मंतर पर पिछले दिनो हिन्दू संस्कृति के चिन्हो का मजाक उडाया गया। राष्ट्र और लोकतंत्र को बदनाम करने के लिए राष्ट्र विरोधी ताकतो ने अपना एजेंडा फैलाने का काम किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि एसआईआर को लेकर जो भ्रम कांग्रेस और विपक्ष फैला रहे है उसका जवाब देने का समय आ गया है। हम शुद्व मतदाता सुची के पक्षधर है। वहीं अराजक तत्व लोकतांत्रिक संस्थाओ को कमजोर करने की कोशिश करते हुए घूसपैठियों की वकालत करते दिखाई दे रहे है। हमें इस अभियान के तहत समाज के हर वर्ग के सामने सच्चाई लानी है और कांग्रेस के इस झूठ को उजागर करना है। बैठक को संबोधित करते हुए ह्यलोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओह्व अभियान के जिला संयोजक कृष्णा गायकी ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी राजनैतिक दल समाज में भ्रम फैलाने का काम कर रहे है। इस भ्रमजाल को तोडने के लिए अभियान के तहत पदयात्रा, प्रेस वार्ता, वरिष्ठ नागरिकों के साथ संगोष्ठी तथा महाविद्यालयों में युवा संवाद आयोजित करने की कार्ययोजना तय की गई हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक मर्यादाओं, शांतिपूर्ण संवाद और जनजागरूकता से जुडे विषयों को समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया है। बैठक का संचालन अभियान के जिला सह संयोजक राजेन्द्र मालवीय ने किया एवं अंत में आभार जिला सह संयोजक जगदीश पंवार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर मंचपर अभियान के जिला टोली के सदस्य इंद्रपाल पुण्डे, रश्मि साहू, किशोर बरदे मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का अधिकारियों ने किया निरीक्षण



बैतूल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जिले में 31 अक्टूबर को प्रस्तावित तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस वितरण कार्यक्रम की तैयारियों का कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन, डीएफओ नवीन गर्ग सहित अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल पुलिस ग्राउंड बैतूल पहुंचकर कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, मंच संचालन, अतिथियों एवं हितग्राहियों के आगमन-निर्गमन सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद अधिकारियों ने हेलीपेड स्थल का भी अवलोकन किया। उन्होंने प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत गणेश जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपूसे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

लोटस क्लब का भव्य रंगारंग कार्यक्रम आज

सोहागपुर। लोटस क्लब सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह के संरक्षण में गठित एवं संचालित सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था है। जिसके द्वारा द्वारा शारदीय नवरात्र पखवाड़े में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिवर्ष किया जाता है। इस वर्ष यह आयोजन विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह के संरक्षण में आज होगा होगा। लोटस क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता जयप्रकाश माहेश्वरी ने बताया कि आज रात्रि आठ बजे से शासकीय हाईस्कूल प्रांगण अर्थात संदीपनी विद्यालय के मैदान में भजन कार्यक्रम होगा। जिसमें मध्य प्रदेश की ख्यात भजन गायिका शहनाज अख्तर द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजक लोटस क्लब ने नागरिकों से उपस्थिति की अपील की है।

भाजपा जिला कार्यालय में बैठक संपन्न



नर्मदापुरम। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार चलाए जाने वाले 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान को लेकर शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने जिला स्तरीय टीम का गठन किया। अभियान के जिला संयोजक राजेश गौर एवं सह संयोजक ज्योति चौरे, गोपालदास दूदानी, लोकेश तिवारी, नवनीत नागपाल, सुरेश पटेवपल, पंकज चौरे को जिम्मेदारी दी गई। जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अभियान 23 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलाया जायेगा। इस अभियान में प्रेस कॉन्फ्रेंस, पदयात्रा, राष्ट्र चिंतन संवाद, युवा संवाद, इन्फ्लुएंसर्स आउटरीच, छात्र प्रतियोगिताएं, सोशल मीडिया योजना, विशेषांक पत्रिकाओं का प्रकाशन, प्रचार सामग्री और ब्रांडिंग एवं साहित्य वितरण, ओप एड मीडिया प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। बैठक में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सविता दीवान शर्मा, अखिलेश खंडेलवाल, महामंत्री मुकेश चंद्र मैना, ज्योति चौरे, कुंवर सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

श्रीराम राज्याभिषेक के साथ हुआ श्री राम नाट्य समिति की रामलीला का विश्राम सभी पात्रों व सहयोगियों का किया सम्मान, संरक्षकों का किया विशेष सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

श्रीराम नाट्य समिति सोहागपुर द्वारा एक पखवाड़े तक किया गया श्रीरामलीला का मंचन गुरुवार को संपन्न हुआ। इस वर्ष की कड़ी का विश्राम श्रीराम राज्याभिषेक एवं संरक्षकगण पात्र सम्मान समारोह से किया गया। श्रीराम नाट्य समिति अध्यक्ष अनिल जैन एवं सचिव अखिलेश मालवीय सहित सहयोगियों शिवकुमार पटेल, रीतेंद्र सिंह राजपूत, प्रशांत सोनी, आनंद साहू, शरद चौरसिया, राकेश गोस्वामी ने बताया कि विधायक विजयपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं महंत हरकिशन दास, संत पं. प्रकाश मुदगल, संरक्षकगण चौधरी राजेंद्र सिंह, कन्नूलाल अग्रवाल, चंद्रकांत चौरसिया, विजय अग्रवाल, महेश साहू, मंगल सिंह रघुवंशी, कृष्णा पालीवाल, जैन समाज प्रतिष्ठाचार्य पं. नीलेश जैन, वरिष्ठ पत्रकार हीरालाल गोलानी, अभिषेक जैन, मुकेश मालवीय, सुरेश साहू, पूर्व नपाध्यक्ष द्वय संतोष मालवीय एवं अभिलाष चंदेल, समाजसेवी हरगोविंद सिंह पुर्विया, पूर्व जपं उपाध्यक्ष राजकुमार रघुवंशी आदि की उपस्थिति में श्रीराम का राज्याभिषेक किया गया। आचार्य पं. अरविंद सहारिया एवं पं. कैलाश परसाई ने श्रीराम का राजतिलक किया। इसके बाद अतिथियों ने श्रीराम दरबार का पूजनकर आरती का गायन किया।



पात्र सम्मान समारोह

इस अवसर पर रामलीला मंचन के पात्रों का प्रशस्ति पत्र तथा ट्रॉफी से सम्मान किया गया। ट्रॉफियां युवा व्यापारी प्रवीण साहू ने अपने अनुज स्वर्गीय नवीन साहू की स्मृति में दीं। वहीं प्रमाण पत्र स्वर्गीय चंद्रगोपाल अग्रवाल की स्मृति में उनके पुत्र व्यापारी मनोज अग्रवाल द्वारा दी गई। इस अवसरपर श्रीराम नाट्य समिति के संरक्षकों केदारनाथ चौरसिया, राजेंद्र नामदेव, एमएल स्वामी, सलमा जी, पं. अरविंद सहारिया, पं. कैलाश परसाई का भी समिति द्वारा शॉल तथा श्रीफल से विशेष सम्मान किया गया। पात्रों के लिए सुंदर वेशभूषा, परदे व अन्य सामग्री क्रय करने की प्रक्रिया में आर्थिक सहयोग देने वाले क्षेत्र के सभी महानुभावों का समिति संरक्षक आचार्य पंडित अरविंद सहारिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

ये रहे उपस्थित



आयोजन में भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश मीडिया प्रभारी गौरव मोंटू अग्रवाल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, समाजसेवी धनराज तिवारी एवं संजय खंडेलवाल, नर्मदापुरम जिला कांग्रेस सचिव जलज शर्मा, अधिवक्ता नीरज शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुधीर सिंह, कांग्रेस नगराध्यक्ष प्रशांत जायसवाल, सोहागपुर भाजपा मंडलाध्यक्ष अश्विनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि नन्नू छाबड़िया, सुरेंद्र चौधरी, मनोज अग्रवाल, श्रीराम बारात आयोजन के विशेष सहयोगी नीलेश खंडेलवाल, कांग्रेस नेता नीरज चौधरी, ऋषभ दीक्षित, मधुर मिलन दशहरा समिति पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता देवांशु शर्मा एवं वर्तमान अध्यक्ष आकाश चौरसिया, प्रशांत मालवीय, भाजपा किसान मोर्चा जिला पदाधिकारी सौरभ गोलू अग्रवाल, शरदोत्सव समिति से संयोजक पवन सिंह चौहान, अध्यक्ष नारायण रघुवंशी, राहुल शर्मा, देवेंद्र कुशवाहा, रीतेश साहू, प्रदीप देवलिया, रूपेश मेहरा, ओमप्रकाश पटवा, राजकुमार साहू, राकेश पटवा, राजेश पटवा आदि ने श्रीराम दरबार का पूजन किया।

पशु पालकों व स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता देने की मांग की

मवेशियों की मौत से हड़कंप: पुलिस लाइन के सामने 8 भेड़ों की मौत, दूषित पानी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में पुलिस लाइन मैदान के सामने मवेशियों की अचानक मौत का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। राजस्थान से आए एक पशुपालक की आठ भेड़ों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पानी पीने के कुछ समय बाद भेड़ों की हालत बिगड़ने लगी और देखते ही देखते पशुपालक को भारी नुकसान उठाना पड़ा। घटना के बाद दूषित पानी की आशंका जताई जा रही है, लेकिन मौत की असली वजह अभी स्पष्ट नहीं है। अब जांच रिपोर्ट पर सबकी निगाहें टिकी हैं।



पानी पीने के बाद बिगड़ी हालत

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे पुलिस लाइन मैदान के सामने भेड़ों की तबीयत अचानक बिगड़ने की सूचना सामने आई। बताया गया कि मवेशियों को अनाज मंडी की ओर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान पानी पीने के बाद कुछ पशुओं की हालत खराब होने लगी। घटना की जानकारी फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और पशुओं की अचानक मौत को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जताई जाने लगीं।

जानकारी के मुताबिक, पशुपालक पोइया राजस्थान के जालौर जिले का निवासी है। वह अपनी भेड़ों के साथ सीहोर क्षेत्र में रहकर आजीविका चला रहा था। उसके पास लगभग 225 से 250 भेड़ें बताई गई हैं। इनमें से आठ भेड़ों की मौत ने उसके सामने आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। पशुपालन ही आजीविका का साधन होने के कारण इस नुकसान से पशुपालक परेशान है।

घटना की सूचना मिलते ही मंडी थाना पुलिस, पशु चिकित्सा विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर अक्षय कुमार मामले की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों की प्राथमिकता भेड़ों की मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाना है। पानी की गुणवत्ता समेत घटना के अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

पोस्टमार्टम और सैंपल जांच से खुलेगा मौत का राज

प्रारंभिक तौर पर दूषित पानी पीने की आशंका व्यक्त की गई है, लेकिन जांच पूरी होने से पहले इसे मौत का निश्चित कारण नहीं माना जा सकता। जानकारी के अनुसार, दो भेड़ों का पोस्टमार्टम कराए जाने की बात कही गई है। इसके साथ ही आवश्यक सैंपल लेकर जांच की जा रही है। रिपोर्ट सामने आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि भेड़ों की मौत किसी विषैले या दूषित पदार्थ, पानी की गुणवत्ता अथवा किसी अन्य कारण से हुई। घटना के बाद पशुपालक और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता देने की मांग की है। उनका कहना है कि भेड़ों की मौत से पशुपालक को नुकसान हुआ है और उसे राहत मिलनी चाहिए। हालांकि आर्थिक सहायता को लेकर प्रशासन की ओर से किसी निर्णय की पुष्टि नहीं हुई है।

जांच रिपोर्ट पर टिकी निगाहें

सीहोर में हुई इस घटना ने पशुओं की सुरक्षा और पानी की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब जरूरी है कि जांच निष्पक्षता और तेजी से पूरी हो, मौत की वजह स्पष्ट की जाए और यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो तथ्यों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जाए। फिलहाल, आठ भेड़ों की मौत का रहस्य जांच रिपोर्ट के बाद ही सुलझ सकेगा।

एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने किया छात्रावास का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गत दिवस सोहागपुर एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सेमरी हरचंद का निरीक्षण किया। उन्होंने जरूरी सुधार के निर्देश दिए हैं। इस दौरान कृषि मंडी एसआई पूजा शर्मा उपस्थित रहीं।

इस दौरान छात्रावास में बालिकाओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने छात्रावास अधीक्षक को निर्देशित किया कि बालिकाओं को निर्धारित मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन समय पर उपलब्ध कराएं। छात्रावास परिसर, कक्ष, रसोईघर एवं शौचालयों में नियमित साफ-सफाई की जाए तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।

एसडीएम ने छात्रावास में निवासरत बालिकाओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, भोजन एवं छात्रावास में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बालिकाओं की समस्याओं को सुना एवं आवश्यक व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए।

डबल लॉक गोदाम में फिर हुई लाखों की खाद चोरी, विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पिपरिया विधानसभा क्षेत्र स्थित मध्यप्रदेश राज्य विपणन संघ (मार्केटिंग) के डबल लॉक खाद गोदाम से एक बार फिर चोरी का बड़ा मामला सामने आया है। पूर्व में हुए करोड़ों के घोटाले के दाग अभी धुले भी नहीं थे कि अब गोदाम से भारी मात्रा में खाद गायब होने से विभागीय सुरक्षा और कार्यप्रणाली कटघरे में आ गई है।



दर्ज हुई एफआईआर: लगभग 2.83 लाख रुपये की खाद चोरीवर्तमान गोदाम प्रबंधक दुलीचंद ठाकुर ने गत 7 अक्टूबर को स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोरों द्वारा डबल लॉक गोदाम से 135 बोरी एनपीके खाद अनुमानित कीमत रू 2,79,300 है जो 13 बोरी यूरिया खाद इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 2 लाख 83 हजार रुपये मूल्य की खाद चोरी हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों तक पहुँचने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

यह वही पिपरिया डबल लॉक गोदाम है, जहाँ इससे पहले तत्कालीन प्रबंधक भारत सिंह निमोदा के कार्यकाल के दौरान लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपये का बड़ा घपला सामने आया था। उस समय एक हम्माल मजदूर की शिकायत पर निमोदा को निलंबित कर भोपाल अटैच किया गया था, जिन्हें बाद में बहाल कर भिंड-मुरैना भेज दिया गया। उनके जाने के बाद सेमरी हरचंद में पदस्थ दुलीचंद ठाकुर को यहाँ का प्रभार सौंपा गया था। सरकारी गोदामों में इस तरह बार-बार अनाज या खाद चोरी होने की घटनाओं ने विभागीय अधिकारियों और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

राजा भभूत सिंह कालेज में किया प्रशिक्षण का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

राजा भभूत सिंह शासकीय महाविद्यालय, पचमढ़ी में जिला स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन महिला एवं पुरुष योग प्रतियोगिता के लिए महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ सत्य प्रकाश पटेल के नेतृत्व मे 23 अक्टूबर को प्रातः 6:30 बजे चयन परीक्षण आयोजित किया गया। इस चयन परीक्षण में महाविद्यालय के इच्छुक महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने सहभागिता की एवं महिला दल में स्वाति कहार, तनिशा कहार, रितिका, मीना, महक, नेहा आदि योग अभ्यर्थियों का चयन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस शेखर एवं चयन समिति में सुश्री दीपाली जैन एवं अन्य सदस्यों ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा उन्हें खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

पहल: 'पराली नहीं जलाएंगे, पर्यावरण बचाएंगे' का किसानों को दिलाया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासन द्वारा नरवाई के उचित प्रबंधन को लेकर नई पहल की जा रही है। जिसमें गत दिवस जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल तथा एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने किसानों एवं मशीन संचालकों से भेंटकर सहयोग की अपील की।

जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने बताया कि उनके गृह ग्राम सोढ़रा में मनीष पटेल के खेत पर मक्का के बाद अब धान की पराली के उचित प्रबंधन के लिए प्रयास किए गए। जिसमें क्षेत्र के युवा आगे आए हैं। पराली को जलाने के बजाय चाप कटर मशीन के माध्यम से काटकर उचित प्रबंधन किया जा रहा है। इसकी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने सराहना की है।



उन्होंने कहा कि यह कार्य जारी रहे, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों को भी जागरूक किया जा सके। क्षेत्र के युवा सूर्यभान पटेल एवं उदयभान पटेल ने मशीन लाकर इस सराहनीय पहल की शुरुआत की है। इस दौरान तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर, एसएडीओ एसके बर्डे, राघवेंद्र पटेल, उदय बायो फ्यूल सदस्यगण, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष राजा भैया पटेल एवं क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

योगदान दें युवा

युवाओं की पहल किसानों के लिए प्रेरक है। सभी पराली के उचित प्रबंधन को अपनाएं और स्वच्छ, स्वस्थ एवं हरित पर्यावरण निर्माण में योगदान दें।

जालम सिंह पटेल, अध्यक्ष, जपं सोहागपुर।

ओबीसी 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर पुतला दहन का किया गया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को सत्ताइस प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की मांग को लेकर महाराणा प्रताप चौक पर शासन के विरोध में पुतला प्रदर्शन किया और सरकार का पुतला दहन करने का प्रयास किया गया। इसे लेकर कार्यकर्ताओं पुलिस के बीच झूमा झटकी भी हुई। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने ओबीसी वर्ग को सत्ताइस प्रतिशत आरक्षण का लाभ सुनिश्चित करने की मांग उठाते हुए सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ओबीसी वर्ग को सत्ताइस प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का मुद्दा लंबे समय से चर्चा में है। न्यायालय में आरक्षण से जुड़े प्रकरणों के चलते इस विषय पर कानूनी स्थिति प्रभावित हुई है। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि शासन स्तर पर आवश्यक पहल कर ओबीसी वर्ग को सत्ताईस प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं दलित,पिछड़ा एवं आदिवासी समाज संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि शिक्षा,सरकारी नौकरियों और सामाजिक प्रतिनिधित्व में वंचित एवं पिछड़े वर्गों को उचित अवसर मिलना चाहिए उन्होंने शासन-प्रशासन से आरक्षण संबंधी मुद्दे का न्यायसंगत समाधान निकालने और संविधान में दिए गए अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।



इस अवसर पर दलित,पिछड़ा एवं आदिवासी समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आजाद समाज पार्टी की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य दामोदर सिंह यादव मंडल तथा संगठन के जिला अध्यक्ष विजय वर्मा के नेतृत्व और मार्गदर्शन का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं ने 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को आगे बढ़ाने की बात कही।

प्रदर्शन में संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश बाकोड़िया,धनराज उईके,मोनू उईके,ईश्वर उईके,गौरव,कलपेश चौहान,मोहित उईके एवं टीना सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यकर्ताओं ने ओबीसी वर्ग को सत्ताईस प्रतिशत आरक्षण का लाभ सुनिश्चित करने तथा दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा की मांग दोहराई।

नगर के अतुल सिंह का राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन

अंडर-14 वर्ग में मुरैना में दिखाएंगे खेल प्रतिभा,कोच आकाश मसीह के मार्गदर्शन में हासिल की उपलब्धि

बुधनी। नगर के दीन दयाल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र अतुल सिंह का चयन राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अंडर-14 वर्ग में चयनित अतुल 23 से 27 अक्टूबर तक मुरैना में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उनके चयन से विद्यालय परिवार और नगर में हर्ष का माहौल है।

अतुल सिंह ने नियमित अभ्यास,कड़ी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्हें कोच आकाश मसीह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण मिला। उनके निर्देशन में अभ्यास करते हुए अतुल ने अपने खेल कौशल को निखारा और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की। कोच आकाश मसीह पिछले 8 वर्षों से क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा निखारने में जुटे हैं। उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ी कबड्डी और वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। वे खिलाड़ियों को खेल की तकनीक, अनुशासन, टीम भावना और बेहतर प्रदर्शन के लिए नियमित रूप से प्रेरित करते हैं उनके प्रयासों से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिल रहा है। अतुल सिंह के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर संस्था के डायरेक्टर जे.के. त्रिपाठी ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की उन्होंने आशा व्यक्त की कि अतुल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और बुधनी नगर का नाम रोशन करेंगे अतुल की इस उपलब्धि से विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों में भी उत्साह है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलना अतुल के लिए गौरव की बात है,वहीं उनकी सफलता क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी।



खबर संक्षेप

आज रक्तदान शिविर का आयोजन

हरदा। जरूरतमंद मरीजों को रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह रक्तदान शिविर 24 अक्टूबर को प्रातः 10:30 बजे से जिला न्यायालय परिसर हरदा स्थित एडीआर भवन में आयोजित किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा द्वारा आमजन, अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं सामाजिक संगठनों से अपील की गई है कि इस जनकल्याणकारी शिविर में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान कर इसे सफल बनाएं तथा आसपास के लोगों को भी स्वैच्छिक रक्तदान हेतु प्रेरित करें।

कृषि उपज मंडी में तीन दिन बंद रहेगी नीलामी

हरदा। कृषि उपज मंडी समिति हरदा में 24 से 26 अक्टूबर तक कृषि उपजों का नीलामी कार्य बंद रहेगा। सचिव कृषि उपज मंडी समिति हरदा ने बताया कि 24 अक्टूबर शनिवार को चतुर्थ शनिवार का अवकाश, 25 अक्टूबर को रविवार का शासकीय अवकाश और 26 अक्टूबर सोमवार को महर्षि वाल्मिकी जयंती का अवकाश होने के कारण कारण मण्डी प्रांगण हरदा में कृषि उपजों का नीलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी प्रशासन ने समस्त कृषक बंधुओं से अपील की है कि वे 24 से 26 अक्टूबर तक अपनी कृषि उपज बेचने के लिए मंडी प्रांगण हरदा में न लाएं।

अवैध रेत खनन करते एक ट्रैक्टर जब्त

हरदा। जिले के टिमरनी थाना क्षेत्र के बघवाड़ गांव के पास गुरुवार को गंजाल नदी में अवैध रेत खनन करते एक ट्रैक्टर को वन विभाग की टीम ने जब्त किया है। एमपी 47 एचडी 8562 नंबर के इस ट्रैक्टर को टिमरनी थाने लाकर राजस्व विभाग को सौंप दिया गया। वन विभाग के नाकेदार ताराचंद चौरसिया ने बताया कि वन परिक्षेत्र में गंजाल नदी से अवैध रेत खनन की जानकारी मिली थी। मौके पर बघवाड़ निवासी अकरम अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से रेत भरता मिला। हालांकि किसी आरोपी पकड़ा नहीं जा सका। वन विभाग की टीम ने 22 अक्टूबर को मौके पर पंचनामा बनाकर ट्रैक्टर जब्त कर लिया। इस कार्रवाई में टेमागांव डिप्टी रेंजर ताराचंद चौरसिया, मांगीलाल चावड़े (डिप्टी रेंजर झाड़बीड़ा) और बीट गार्ड मनीषा उईके (बघवाड़) शामिल थे। वन सुरक्षा समिति बघवाड़ की भी अहम भूमिका रही। जिले में रेत खनन पर प्रतिबंध के बावजूद रेत माफिया लगातार खनन कर रहे हैं। खनन विभाग भी इस पर खास कार्रवाई नहीं करता।

आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरदा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जत्रा पड़ाव इलाके में मंगलवार रात करीब 11 बजे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन से लौटे एक ढोलक वादक युवक से आरोपी ने माता की चुनरी मांगी। मना करने पर नशे में धुत आरोपी शाहरुख ने रेडियम कटर से हमला कर दिया था। बीच-बचाव करने आई गर्भवती पत्नी, बहन और दो अन्य परिजनों को भी घायल कर दिया था। पुलिस ने आरोपी शाहरुख को गुरुवार दोपहर करबला क्षेत्र में झाड़यिों के बीच से गिरफ्तार किया। शाहरुख पुलिस के डर से झाड़यिों में छिपा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसे घटना स्थल पर ले गई। वहां शाहरुख ने लोगों के बीच माफी मांगी। वहीं शाहरुख ने कान पकड़कर अपनी गलती के लिए उठक-बैठक भी लगाई। घटना स्थल पर शाहरुख हाथ जोड़कर उठक-बैठक लगाता हुआ।

नई गाड़ी की पूजा में व्यस्त था परिवार चोर ने घर में किया हाथ साफ

अहमदपुर। जिले के अहमदपुर में मंगलवार की रात्रि दशहरा पूजन के दौरान गल्ला व्यापारी विजय दांगी के घर चोरी की घटना सामने आई है। परिवार के सदस्य नई बुलेट की पूजा और वाहन देखने में व्यस्त थे, इसी बीच कमरे में रखा हैंडबैग गायब हो गया। विजय दांगी की छोटी बहन नई बुलेट लेकर अपने भाई और पिता को दिखाने अहमदपुर स्थित घर पहुंची थी।

सौंपा मांग पत्र, खाद की उपलब्धता, ऑनलाइन बुकिंग की समस्याएं उठाईं

डीएपी के लिए परेशान किसान, ई-टोकन का लाभ दिलाने ठोस कदम उठाए सरकार: जैसानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में डीएपी खाद की उपलब्धता और ई-टोकन व्यवस्था में आ रही परेशानियों को लेकर जमना जैसानी फाउंडेशन एवं विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने शांति कुमार जैसानी के नेतृत्व में अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार को मांग पत्र सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने किसानों को कृषि भूमि और फसलों की जरूरत के अनुपात में खाद उपलब्ध कराने तथा ई-टोकन व्यवस्था का लाभ प्रभावी रूप से दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। मांग पत्र में कहा गया कि खाद की कमी और ऑनलाइन बुकिंग में आ रही दिक्कतों के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधियों ने खाद की आपूर्ति बढ़ाने, बुकिंग प्रक्रिया सरल बनाने और दूरस्थ गांवों के किसानों को घर पहुंच सुविधा का लाभ दिलाने सहित कई सुझाव दिए। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि जिले की मिट्टी की स्थिति और फसलों की जरूरत के आधार पर डीएपी खाद की मांग का आकलन किया जाए। इसके अनुसार शासन को पर्याप्त मांग भेजकर आपूर्ति बढ़ाई जाए, ताकि किसानों को बुवाई और फसल की जरूरत के समय खाद मिल सके। मांग पत्र में प्रत्येक सहकारी सोसायटी में किसानों की मदद के लिए निःशुल्क ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था करने का सुझाव दिया गया। प्रतिनिधियों के अनुसार, एक सोसायटी से जुड़े दो से चार गांवों के किसानों को नजदीक में सुविधा मिलने से समय, ईंधन और किराए की बचत होगी। साथ ही नियमानुसार नगद और उधार पर खाद लेने की सुविधा भी मिलनी चाहिए।

प्रतिनिधिमंडल ने निर्धारित सब्सिडी वाली मात्रा से अधिक खाद की जरूरत होने पर नियमानुसार सब्सिडी रहित दर पर खाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर विचार करने की मांग की। प्रतिनिधियों ने बताया कि किसानों के अनुसार, तहसील स्तर पर पोर्टल पर सीमित मात्रा में खाद उपलब्ध होने के कारण सुबह करीब 10 से 10:15 बजे के बीच ही ऑनलाइन उपलब्धता समाप्त हो जाती है। उन्होंने प्रशासन से वास्तविक मांग के अनुरूप पोर्टल पर खाद की पर्याप्त मात्रा अपलोड कराने और इस स्थिति की जांच करने की मांग की।

एक साथ अधिक किसानों के पोर्टल का उपयोग करने पर आने वाली तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए पोर्टल की क्षमता बढ़ाने और अनुभवी सॉफ्टवेयर इंजीनियरों व तकनीकी विशेषज्ञों की मदद लेने का सुझाव भी दिया गया। इसके साथ ही बार-बार ओटीपी की समस्या से राहत देने के लिए सुरक्षित लॉगिन व्यवस्था, फार्मर आईडी से जुड़ा पासवर्ड और पासवर्ड बदलने की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस अवसर पर जमना जैसानी फाउंडेशन के शांति कुमार जैसानी, जाट समाज से सत्यनारायण सिरोही और रामकिशोर जाट, गुर्जर समाज से नीरज खीरे, राजपूत समाज से धर्मेंद्र सिंह चौहान और योगानंद राजपूत, अग्रवाल समाज से अनीश अग्रवाल, कसेरा समाज से मनोज महलवार तथा ब्राह्मण समाज से अभिषेक शुक्ला सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की।

विधायक सोलंकी ने दी चेतावनी

अगला धरना बिजली ऑफिस में देंगे, चक्का जाम भी करेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती से त्रस्त विधायक झूमा सोलंकी ने कहा- यह धरना सांकेतिक था, इस बड़ी समस्या में सुधार करना जरूरी है, नहीं तो हमारा एक्शन बड़ा हो जाएगा और अगला धरना बिजली ऑफिस के अंदर होगा और चक्का जाम भी करेंगे।

विधायक सोलंकी ने यहां धरना-प्रदर्शन के दौरान विद्युत वितरण केंद्र के सहायक यंत्री नरेंद्र मोरे से सख्त लहजे में कई सवाल किये और समस्याएं हल नहीं होने पर चेतावनी दी है। वे कांग्रेस के धरना-प्रदर्शन के दौरान तहसील कार्यालय परिसर में उनसे सीधे संवाद कर रही थी। उन्होंने कहा कि बिल बढ़े हुए आ रहे हैं और बिजली का देंखे तो छह घंटा भी आप नहीं दे रहे हैं। वह भी लगातार नहीं,वो चार बार ट्रिप मार रही हैं। जब शाम होती है तो घर आठ बजे महिलाएं खाना बनाती है और थाली परोसे कि बिजली बंद हो जाती है। यह एक दिन का मान ले तो ठीक है,लेकिन यह तो रोज-रोज की समस्या है। ऐसा पूरे ग्रामीण क्षेत्र में मेंटेनेंस के नाम हो रहा है,जिससे लोग बहुत ज्यादा परेशान हो रहें हैं। यदि इसमें सुधार नहीं हुआ तो ह्लअगला धरना बिजली ऑफिस के अंदर होगा।

देशगांव में भी करेंगे चक्काजाम

विधायक ने आगे निरंतर कहना जारी रखा और कहा कि हमारे कई बड़े किसानों, कार्यकर्ताओं और प्रबुद्धजनों ने भी कहा है कि यदि फिर भी हालात नहीं सुधरे तो हम देशगांव में चक्का जाम करेंगे। उनकी चिंता थी कि निमाड़ की बिजली बाहर जा रही है और निमाड़ में अधिक कटौती हो रही है। एक तो अल्पवर्षा के कारण सूखे के हालात हैं और किसान अपने संसाधनों से फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहें हैं। इस अवसर पर किसानों ने ट्रांसफार्मर बदलने और अन्य कई समस्याओं को लेकर सहायक यंत्री मोरे से तीखे सवाल किये। उन्होंने आश्वस्त किया कि जो भी संभव होगा,समस्याएं हल करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर तहसीलदार खुमानसिंह चौहान एवं नायब तहसीलदार विजेंद्र राठौर सहित जिला कांग्रेस अध्यक्ष रवि नाइक और भारी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

अस्पताल, आंगनबाड़ी, तहसील का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस दिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर कुमार सत्यम ने रहटगांव में आयोजित जन विश्वास क्लस्टर स्तरीय संवाद शिविर के दौरान रहटगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र, तहसील कार्यालय एवं धनपाड़ा में स्वामित्व रजिस्ट्री कार्य का निरीक्षण किया। रहटगांव में आंगनबाड़ीके निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सत्यम ने केन्द्र के फर्श पर बैठकर आंगनबाड़ीके बच्चों से आंगनबाड़ी की गतिविधियों पर चर्चा की, साथ ही उनसे कविताएं सुनकर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान उन्होने आंगनबाड़ी में टीकाकरण एवं पोषण ट्रेकर पर दर्ज एन्ट्री की जानकारी ली। कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने के लिये किये जा रहे कार्य के संबंध में भी आआंगनबाड़ी कार्यकर्ता से चर्चा की। इस दौरान उन्होने बच्चों को बिस्किट एवं फल भी वितरित किये। कलेक्टर ने ग्राम धनपाड़ा में पहुँचकर स्वामित्व रजिस्ट्री कार्य हेतु संचालित कैम्प का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने ग्रामीणों के साथ बैंच पर बैठकर स्वामित्व रजिस्ट्री के फायदों की भी जानकारी दी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वामित्व रजिस्ट्री का कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए।

रहटगांव में तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान रिकार्ड रूम अव्यवस्थित पाये जाने पर प्रभारी तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने राजस्व न्यायालय का निरीक्षण कर आसीएमएस में दर्ज प्रकरणों की जानकारी ली। साथ ही निर्देश दिये कि राजस्व मामलों से संबंधित प्राप्त शिकायतें सही मद में दर्ज की जाएं। राजस्व प्रकरणों की स्थिति के निरीक्षण के दौरान निराकरण की संतोषजनक स्थिति न मिलने पर एसडीएम को निर्देश दिये कि प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। इस दौरान उन्होने लोक सेवा केन्द्र का भी निरीक्षण कर वहां की कार्य व्यवस्था देखी। रहटगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की सार्थक एप पर उपस्थिति की जानकारी ली, साथ ही यहां मरीजों से भी चर्चा की। कलेक्टर ने समक्ष में यहां उपचार कराने आई रहटगांव की महिला नीलम वृंदावन की आभा आईडी तैयार करवाई। आयुष्मान भारत योजना की भी जानकारी दी एवं सभी पात्रों के आयुष्मान कार्ड बनाने के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत रहटगांव में शिविर आयोजित

हितग्राहियों को मिला लाभ, समस्याओं को सुलझाया





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को रहटगांव के शासकीय एल.एन. पालीवाल हाई स्कूल परिसर में क्लस्टर स्तरीय संवाद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को हितलाभ प्रदान किये गये। साथ ही आमजन की समस्याओं का निराकरण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत, कलेक्टर कुमार सत्यम, पुलिस अधीक्षक शशांक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरोत्तम भार्गव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, एसडीएम टिमरनी असवनराम चिरामन, जनपद पंचायत अध्यक्ष रजनी कलम, ग्राम सरपंच सुमित्रा रंगीले सहित अधिकारी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र हितग्राही वंचित न रहे। जनविश्वास शिविर के माध्यम से प्रशासन स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुन रहा है और मौके पर ही निराकरण कर रहा है, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास और अधिक मजबूत हो रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गेहलोत ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग शिविर में लगाए गए विभागीय स्टॉलों पर जाकर योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त करें और अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए।

हितलाभ वितरण

क्लस्टर स्तरीय जन विश्वास शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के हितलाभ का वितरण किया गया। क्लस्टर स्तरीय शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी नागरिकों को दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के स्टाल भी लगाये गये थे। साथ ही आधार कार्ड पंजीयन शिविर, स्वास्थ्य शिविर, फार्मर आईडी बनाने हेतु राजस्व शिविर भी आयोजित किये गये। जन विश्वास कार्यक्रम में उद्योग विभाग द्वारा उद्यम संवाद कार्यक्रम के तहत उद्यमियों से संवाद किया गया। इस दौरान आमजन से उनकी समस्याओं के संबंध में 213 आवेदन प्राप्त हुए। संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये गये।

सीसीटीवी में कैद हुई महिला, पुलिस ने की कार्रवाई

सगाई न टूटे, इसलिए युवती ने नवजात बच्ची को नाली किनारे छोड़कर चली गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सगाई न टूटे, इसलिए एक युवती अपनी नवजात बच्ची को जिला अस्पताल से 100 मीटर दूर नाली किनारे छोड़ गई। बच्ची का जन्म गुरुवार सुबह अस्पताल में हुआ था। शाम करीब 6 बजे वह अस्पताल के पास नाली किनारे मिली। शुक्रवार को सामने आए सीसीटीवी फुटेज में दो महिलाएं बच्ची को बाइकों की आड़ में रखते दिखीं। शुक्रवार सुबह युवती दोबारा बच्ची का पता लगाने अस्पताल पहुंची थी। वहां गार्ड ने उसे पहचान लिया और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी। पुलिस ने मामले में युवती और उसकी मां के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया है। बच्ची की हालत स्थिर है और डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है।

एसडीओपी शालिनी परस्ते ने बताया कि युवती और उसकी मां को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। युवती बार-बार बयान बदल रही है। उसकी काउंसलिंग के लिए बाल कल्याण समिति (उहउ) के सदस्यों को बुलाया है। पुलिस के मुताबिक, युवती ने बताया कि मजदूरी करने के दौरान वह एक युवक के संपर्क में आई थी, जिससे उसे बच्ची हुई। युवती की सगाई हो चुकी थी। सगाई की बात छिपाने के लिए वह सिराली से हरदा आई थी। यहां जिला अस्पताल में उसकी नॉर्मल डिलीवरी हुई थी। बच्ची मिलने के बाद पुलिस ने अस्पताल और आसपास लगे उउळश कैमरों के फुटेज खंगाले। शुक्रवार को सामने आए फुटेज में दो महिलाएं अस्पताल से निकलकर पैदल बस स्टैंड की ओर जाती दिखीं। दोनों ने दुपट्टे से चेहरे ढंक रखे थे। इनमें से एक ने नारंगी रंग का दुपट्टा ओढ़ रखा था। फुटेज के मुताबिक, अस्पताल से करीब 100 मीटर दूर अस्पताल चौक के पास एक महिला ने दूसरी की गोद से बच्ची ली और दो खड़ी बाइकों की आड़ में रख दिया। इसके बाद दोनों वहां से चली गईं। बच्ची का जन्म गुरुवार सुबह करीब 10:20 बजे हरदा जिला अस्पताल में हुआ था। शाम करीब 6 बजे उसके रोने की आवाज सुनकर लोगों ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को जिला अस्पताल ले गई। जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सनी जुनेजा ने बताया कि बच्ची का वजन करीब 2 किलो 200 ग्राम था। अस्पताल पहुंचने पर उसका शरीर ठंडा था और सांस लेने में थोड़ी परेशानी हो रही थी। डॉक्टरों ने रातभर उसकी देखभाल की, जिसके बाद हालत में सुधार हुआ। फिलहाल बच्ची डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की निगरानी में है। अब उसे दूध पिलाना शुरू किया जाएगा। संक्रमण या किसी अन्य बीमारी की आशंका को देखते हुए जरूरी जांचें भी कराई जा रही हैं।

मोबाइल नंबर नहीं था

जांच में सामने आया कि अस्पताल के रिकॉर्ड में मां का नाम और सिराली क्षेत्र का पता दर्ज है, लेकिन मोबाइल नंबर नहीं दिया था। भर्ती और दवाइयों की पर्चियों के अलावा पुरानी जांच या सोनोग्राफी रिपोर्ट भी नहीं मिली है। अस्पताल के मुताबिक, गुरुवार सुबह एक बुजुर्ग महिला बच्ची को एसएनसीयू लेकर आई थी। उसने खुद को प्रसूता की मां बताया था। महिला ने मोबाइल नंबर नहीं दिया और बारिश के कारण आधार कार्ड या अन्य दस्तावेज पानी में भीगकर खराब होने की बात कही थी। बाद में वह बच्ची को उसकी मां के पास ले जाने की बात कहकर चली गई। जब मां और परिजन जच्चा-बच्चा वार्ड में नहीं मिले, तो अस्पताल प्रबंधन ने रिकॉर्ड की जांच शुरू की।

बिजलीकर्मी के सिर में गंभीर चोट, जांच जारी

अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे ईंटों से भरी ट्रॉली में जा घुसी

हरदा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर बस स्टैंड के पास गुरुवार सुबह करीब 10 बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे ईंटों से भरी ट्रॉली में जा घुसी। बाइक चालक मोबाइल पर बात कर रहा था। इसी दौरान बाइक ट्रॉली में पीछे से घुस गई। हादसे में बाइक सवार बिजलीकर्मी के सिर में गंभीर चोट आई है। उसे राहगीरों की मदद से तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार घायल युवक की पहचान डगावा भट्ट निवासी अजय पिता दयाल घाटे के रूप में हुई है। वह बिजली कंपनी के खामापड़मा सब स्टेशन पर कार्यरत है। वह सुबह अपने गांव से हरदा आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अजय तेज रफ्तार में बाइक चलाते समय मोबाइल पर बात कर रहा था। इससे उसका संतुलन बिगड़ गया और बाइक सीधे ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि युवक की दुर्गा नवमी के दिन खरीदी गई नई बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज जारी है। सिटी कोतवाली टीआई आरएल भारती ने कहा कि वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करना या मैसेज देखना हादसों का सबसे बड़ा कारण बन रहा है। बाइक या कार चलाते समय मात्र 3 सेकंड के लिए भी मोबाइल पर ध्यान भटकना आपको बड़े हादसे का शिकार बना सकता है। ऐसे में वाहन चलाते समय फोन पर बात न करें। यदि कॉल सुनना बेहद जरूरी हो, तो वाहन को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर खड़ा करें। आईएसआई मार्क वाला हेलमेट इस्तेमाल करें। तेज रफ्तार और ध्यान भटकने का कॉम्बिनेशन जानलेवा साबित होता है। वाहन चलाते समय कान में ईयरफोन लगाकर बात करने से हादसा हो सकता है। गाने सुनने से भी हादसा हो सकता है।

छात्र-छात्राओं ने किया विरोध प्रदर्शन

सीहोर। श्यामपुर तहसील मुख्यालय होने के बावजूद यहां शासकीय महाविद्यालय नहीं है। इसका खामियाजा श्यामपुर और आसपास की पंचायतों के विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। 12वीं के बाद सरकारी कॉलेज में पढ़ने के लिए उन्हें 25 से 30 किमी दूर सीहोर जाना पड़ता है या निजी कॉलेजों की भारी फीस चुकानी पड़ती है। इस समस्या को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के बैनर तले छात्र-छात्राओं और जनप्रतिनिधियों ने श्यामपुर में धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर मौके पर पहुंचे तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और जल्द कॉलेज खोलने की मांग की। श्यामपुर सहित आसपास की दर्जनों पंचायतों के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा हासिल करना चुनौती बना हुआ है। सरकारी कॉलेज में पढ़ने के लिए विद्यार्थियों को रोजाना सीहोर आना-जाना पड़ता है। बसों की अनिश्चितता और भीड़ के कारण उनका करीब दो घंटे का समय आवागमन में खर्च होता है। वहीं, दूरी और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के चलते कई ग्रामीण परिवार अपनी बेटियों को रोजाना सीहोर भेजने से कतराते हैं। इससे छात्राओं की आगे की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सीहोर मुख्यालय पर पीजी कॉलेज और कन्या कॉलेज के अलावा आष्टा, इछावर, भैरूंदा, रेहटी और जावर में भी शासकीय कॉलेज संचालित हैं। लेकिन श्यामपुर अब तक इससे वंचित है। विद्यार्थियों की मांग है कि शासन कॉलेज खोलने के लिए बजट और भूमि आवंटन की प्रक्रिया जल्द पूरी करे।

अबगाँवकला व रन्हाईकला में बाल सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला हुई



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

महिला एवं बाल विकास विभाग, हरदा द्वारा मिशन वात्सल्य योजना एवं हब फॉर वोमेन इमपावरमेंट के अंतर्गत गुरूवार को शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अबगाँवकला एवं शासकीय हाई स्कूल, शासकीय माध्यमिक स्कूल रन्हाईकला में जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, बाल शोषण से बचाव, पॉक्सो अधिनियम 2012 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं महिला हेल्पलाइन नंबर 181 की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को हिंसा एवं असुरक्षित परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से गजेंद्र बरकडे, प्रियांश नामदेव, परियोजना चाइल्ड हेल्पलाइन से रविराज राजपूत, शुभम् धार्मिक व विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।